# नासा ने शुक्र ग्रह पर भेजा हॉलीवुड गीत

**स्रोत: टाइम्स ऑफ इंडिया**

हाल ही में नासा ने हॉलीवुड गायिका मिस्सी इलियट के गीत "द रेन" को डीप स्पेस नेटवर्क (**Deep Space Network- DSN**) के माध्यम से शुक्र ग्रह तक प्रेषित किया है।

- यह प्रसारण **कैलिफोर्निया के गोल्डस्टोन डीप स्पेस कम्युनिकेशंस कॉम्प्लेक्स** में **स्थित (डीप स्पेस स्टेशन) एंटीना** का उपयोग करके किया गया था।

## शुक्र ग्रह के अध्ययन के लिये नासा का भावी मिशन:


- दाविंसी मिशन (DAVINCI Mission), जिसका पूरा नाम **डीप एटमॉस्फियर वीनस इन्वेस्टिगेशन ऑफ नोबल गैसेस, केमिस्ट्री एंड इमेजिंग (Deep Atmosphere Venus Investigation of Noble gases, Chemistry, and Imaging)** है, वर्ष 2029 तक प्रक्षेपित किया जाना है।
- वेरिटस (Veritas), जिसे **वीनस एमिसिविटी, रेडियो साइंस, InSAR, टोपोग्राफी और स्पेक्ट्रोस्कोपी** के नाम से भी जाना जाता है, के **वर्ष 2031 तक प्रक्षेपित होने की उम्मीद** है।

## भारत का शुक्र मिशन- शुक्रयान-1:

- **शुक्र ऑर्बिटर मिशन** के अंतर्गत, इसरो शुक्रयान-1 को प्रक्षेपित करने की योजना बना रहा है, जो शुक्र के वायुमंडल का अध्ययन करने के लिये शुक्र की परिक्रमा करने वाला एक अंतरिक्ष यान है।

## शुक्र ग्रह:

- शुक्र को अक्सर पृथ्वी का जुड़वाँ ग्रह कहा जाता है **तथा यह पृथ्वी से थोड़ा छोटा है।**
- यह **सूर्य के बाद दूसरा ग्रह और छठा सबसे बड़ा ग्रह** है।
- यह हमारे **सौरमंडल का सबसे गरम ग्रह** भी है।
- शुक्र **पूर्व से पश्चिम की ओर घूमता** है, जो कि अधिकांश ग्रहों की तुलना में पीछे की ओर है तथा इसका दिन इसके वर्ष से भी बड़ा होता है।




**अधिक पढ़ें:** [शुक्र ग्रह पर ज्वालामुखी गतिविधि](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/nasa-sent-hollywood-song-to-venus